# मैहर में चैत्र नवरात्रि मेला आज से



सतना

9 दिन तक चलने जा चलने वाला मैहर में नवरात्रि मेला मंगलवार से शुरू हो जाएगा। यहां पर लोगों की संख्या में श्रद्धालु मां शारदा देवी के दर्शन करने पहुंचेंगे। इस बीच **मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव** भी मंगलवार को मां शारदा देवी के दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री प्रातः जबलपुर से हेलीकॉप्टर के जरिए 10:30 बजे मैहर पहुंचेंगे और मां शारदा देवी के दर्शन करेंगे। वे यहां पर कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बालाघाट के लिए रवाना हो जाएंगे। आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। आपको बता दें कि नौ दिनों तक जहां आदि शक्ति के नौ रूपों की पूजा प्रारंभ होती है। वहीं नवरात्रि उत्सव में भगवान श्रीराम के विग्रह स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाती है। मां शारदा का स्थान इन दिनों आसपास तथा अन्य राज्यों के भक्तों के लिये प्रमुख आस्था का केन्द्र रहता है। वैसे तो यहां वर्ष भर भक्तों का तांता लगा रहता है। लेकिन साल की दो नवरात्रियों में विशेष रूप से यहां भक्तों का सैलाब उमड़ता है। मैहर मेला में भक्तों की आने वाली भीड़ के मद्देनजर मैहर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने व्यापक व्यवस्थाएं की हैं। मैहर मेला में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

### एक हजार पुलिस कर्मी तैनात

सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से लगभग 1000 सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए हैं। 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं,जिनसे पूरे मेला की निगरानी की जायेगी। गुमशुदा तलाश के लिये कंट्रोल रूम बनाया गया है। दर्शनार्थी मंदिर प्रांगण, पुलिस चौकी, रोपवे परिसर और कंट्रोल रूम में जाकर अपने बिछड़े परिजनों की उद्घोषणा करा सकेंगे। बताया जाता है कि खुफिया विभाग के अधिकारी भी मैहर पर कड़ी नजर रखेंगे।

### 15 जोड़ी ट्रेनों का स्टॉपेज

मैहर में आने वाले दर्शनार्थियों के लिये मैहर स्टेशन से गुजरने वाली 15 जोड़ी ट्रेनों का अस्थायी स्टापेज दिया गया है। स्टेशन में भी सुरक्षा के भुगतान इंतजाम किए गए हैं। आने जाने वाले यात्रियों पर नजर रखी जा रही है। सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

### जगह-जगह बिराजेंगी श्रीराम प्रतिमायें

सतना शहर समेत जिले के अन्य भागों में नवरात्रि पर श्रीराम की प्रतिमायें स्थापित की जायेंगी। जिले में विश्व हिन्दू परिषद ने श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर वृहद कार्यक्रम बनाये हैं। शहर के खोवा मंडी के पास तथा अन्य कई स्थानों पर भगवान श्रीराम की प्रतिमायें बिराजी जायेंगी। यह उत्सव नौ दिनों तक चलेगा। चैत्र रामनवमी को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। विश्व हिन्दू परिषद चैत्र नवरात्रि के पहले दिन से कार्यक्रमों की शुरुआत करेगा तथा आने वाली हनुमान जयंती तक विविध कार्यक्रम संपन्न करायेगा। शहर के प्रमुख स्थानों में नौ दिनों तक भगवान श्रीराम की महाआरती आयोजित की जायेगी। इसके साथ ही श्रीराम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला जायेगा।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने ली मेले की तैयारी समीक्षा बैठक

**मैहर।** कलेक्टर रानी बाटड़ ने चैत्र नवरात्रि मैहर मेले की तैयारी को लेकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई जिसमे मैहर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह,मैहर एसडीएम विकाश सिंह,अमरपाटन एसडीएम आरती यादव,रामनगर एसडीएम डॉक्टर आरती सिंह,मैहर तहसीलदार जितेंद्र पटेल उपस्थित रहे। मेला व्यवस्था को लेकर कलेक्टर ने दिशा निर्देश दिए मेले के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही नहीं किया जाना चाहिए।

### माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण आज टाउन हाल में

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों में तैनात किये गये माइक्रो आब्जर्वर्स का प्रथम प्रशिक्षण 9 अप्रैल को टाउन हाल सतना में प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने विभाग प्रमुखों को प्रशिक्षण की सूचना अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों (माइक्रो आब्जर्वर के रुप में नियुक्त) को देने के निर्देश दिये हैं।

### निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट के तहत 14 अप्रैल को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**सतना।** प्रदेश में 14 अप्रैल रविवार को डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती के मौके पर निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट के तहत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी की है। यह सार्वजनिक अवकाश सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में रहेगा।

### भू- राजस्व का बकाया जमा नहीं करने पर जमीन होगी कुर्क

**कटनी।** जिले मे राजस्व वसूली के कार्य मे तेजी लाने के कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर राजस्व वसूली का कार्य सतत रूप से जारी है। इसी क्रम में बिलहरी क्षेत्र के चिखला ग्राम के वृंदावन कॉलोनी के संजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा 2 लाख 34 हजार 252 रूपये की भू - राजस्व बकाया राशि जमा नहीं करने पर राजस्व राशि की वसूली हेतु 30 अप्रैल को प्रातः 11 बजे ग्राम चिखला स्थित खसरा नंबर 389/3 रकवा 2 हेक्टेयर पर बकाया राशि की वसूली हेतु कुर्की की जायेगी। भू - राजस्व वसूली के लिए संबंधित भूमि की सार्वजनिक नीलामी द्वारा बिक्री की जायेगी। यह जानकारी तहसीलदार बिलहरी आशीष चतुर्वेदी द्वारा दी गई।

### ईवीएम मशीनों की सीलिंग एवं कमीशनिंग की कार्यवाही 10 को

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग एवं सीलिंग हेतु जारी कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। बेल इंजीनियर्स द्वारा कमीशनिंग कार्यवाही हेतु 9 अप्रैल को उपस्थित होनें के कारण पूर्व में जारी कार्यक्रमों को संशोधित किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नें ईवीएम की कमीशनिंग कार्यवाही हेतु संशोधित आदेश जारी कर राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से इस दौरान उपस्थित रहने का आग्रह किया है। शहडोल लोकसभा क्षेत्र के लिए संशोधित कार्यक्रम के मुताबिक बेल इंजीनियर्स की उपस्थिति मे ईवीएम सीलिंग व कमीशनिंग का कार्य 10 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से किया जायेगा। जबकि 12 अप्रैल को कमीशनिंग की कार्यवाही उपरांत माकपोल की कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के संशोधित कार्यक्रम के मुताबिक यहां 15 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से द्वितीय रेण्डमाईजेशन और मतदान केन्द्रवार पेयरिंग की जायेगी जबकि 16 अप्रैल को बेल इंजीनियर्स की उपस्थिति में ईवीएम सीलिंग व कमीशनिंग होगी। 21 अप्रैल को कमीशनिंग के कार्य के बाद माकपोल किया जायेगा।

**17 लाख मतदाताओं के बीच अब 19 उम्मीदवार मैदान में**

## 26 को डाले जाएंगे वोट, व्यापक तैयारी

सतना

लोकसभा निर्वाचन-2024 में सतना संसदीय क्षेत्र से 19 प्रत्याशी चुनावी मैदान में शेष बचे हैं। लोकसभा क्षेत्र में 1707549 मतदाता अब उनके भाग का फैसला करेंगे। एक अभ्यर्थी ने सोमवार को नाम निर्देशन पत्र वापस ले लिया है। इससे पहले 22 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था। जिनमें से दो उम्मीदवारों के नामांकन पत्र विधिमान्य नहीं पाये जाने पर निरस्त कर दिये गये थे। इस तरह से 20 प्रत्याशी शेष बचे थे,उनमें से एक निर्दलीय प्रत्याशी रायवेन्द्र पटेल ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। लिहाजा अब 19 उम्मीदवार चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमायेंगे। सतना लोकसभा सीट से भाजपा के गणेश सिंह,कांग्रेस से सिद्धार्थ कुशवाहा डब्बू,बसपा से नारायण त्रिपाठी के साथ 16 अन्य उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। यहां 26 अप्रैल को दूसरे चरण में मतदान किया जाना है। जिसकी व्यापक तैयारियां की गयी हैं।

### यह उम्मीदवार चुनावी मैदान में

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी से गणेश सिंह,पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से अजीत,भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से अशोक कुमार गुप्ता,भारतीय जनमोर्चा पार्टी से हरिशंकर प्रसाद,न्याय धर्मसभा पार्टी से रंजना मिश्रा,बहुजन द्रविड़ पार्टी से अशोक कुमार,अखिल भारतीय हिंद क्रांति पार्टी से ननकू,इण्डियन नेशनल कांग्रेस से सिद्धार्थ कुशवाहा,मानवीय भारत पार्टी से अजीज अहमद कुरैशी,बहुजन समाज पार्टी से नारायण प्रसाद,राष्ट्रीय दलित आदिवासी महासभा से सुखलाल तथा चन्द्रभान,दुर्गेश कुमार,कलीम अहमद,छेदीलाल,सफी उल्ला खान,राहुल दाहिया,अशोक कुमार और ऋषभ सिंह उर्फ रिषभ सिंह चुनावी मैदान में हैं।

### इनके फार्म हुए रिजेक्ट

स्कूटनी के दौरान 2 अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत नाम निर्देशन पत्र अविधिमान्य पाये जाने पर अस्वीकृत किये गये। इनमें राष्ट्रीय समाज पक्ष से शैलेन्द्र कुमार और निर्दलीय अभ्यर्थी शिववरण के नामांकन निरस्त किये गये थे।

### चुनाव चिन्ह आवंटित

चुनाव मैदान में शेष रहे अभ्यर्थियों को रिटर्निंग ऑफिसर लोकसभा क्षेत्र सतना अनुराग वर्मा ने चुनाव चिन्ह आवंटित किये। इनमें भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी गणेश सिंह को कमल,इंडियन नेशनल कांग्रेस के सिद्धार्थ कुशवाहा को हांथ का पंजा,बहुजन समाज पार्टी के नारायण त्रिपाठी को हांथी,अजीज अहमद कुरैशी को रुम कूलर,अजीत कुमार जैसवाल को फलों युक्त टोकरी,अशोक कुमार गुप्ता को बांसुरी, सुखलाल वर्मा को पानी का जहाज,ननकू यादव को फुटबाल खिलाड़ी,रंजना मिश्रा को सेब,हरिशंकर तिवारी को अलमारी,अशोक कुमार साकेत को हीरा और अशोक कुमार बौद्ध को बल्ला चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। इसी प्रकार अभ्यर्थी रिषभ सिंह को बैटरी टॉर्च,कलीम अहमद को नारियल का फार्म,चंद्रभान कोल को ब्लैक बोर्ड,छेदीलाल प्रजापति को ऑटो-रिक्शा,दुर्गेश कुमार विश्वकर्मा को बल्लेबाज,राहुल दाहिया को माचिस की डिब्बी एवं शफीउल्ला को एयर कंडीशनर चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया।

## सड़क हादसों में तीन लोग घायल

अमरपाटन थाना अंतर्गत दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन व्यक्ति घायल हो गये। इनमें दो ड्राईवर व एक क्लीनर शामिल हैं। पहला हादसा एनएच-30 पर स्वामीजी ढाबा के सामने तथा दूसरा सुआ मोड़ के पास घटित हुआ।

सतना

अमरपाटन थाना अंतर्गत एनएच-30 पर स्वामीजी ढाबे के सामने बीती रात सड़क पर खड़े एक बल्कर से तेज रफ्तार से जा रहा मिनी ट्रक टकरा गया। जिसके कारण ट्रक के ड्राईवर व कन्डेक्टर गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना इतनी जबर्दस्त थी कि मिनी ट्रक के ड्राईवर व कन्डेक्टर उसी में फंस गये,जिनको ग्रामीणों द्वारा रेस्क्यू करके निकाला गया और 108 एंबुलेंस के जरिये उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमरपाटन पहुंचाया गया। बताया गया है कि दुर्घटनाग्रस्त मिनी ट्रक इंदौर से लहसुन की बोरियां लोड करके कोलकाता जा रहा था, तभी यह घटना घटित हुई। देर रात घटी इस दुर्घटना की सूचना पर 100 डॉयलपहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

### टायर बदल रहा चालक दुर्घटना में घायल

अमरपाटन थाना अंतर्गत सुआ मोड़ के पास आज सुबह करीबन 4 बजे एक सड़क हादसे में वाहन का टायर बदल रहा चालक दुर्घटना ग्रस्त हो गया। जिसे उपचार के लिये अमरपाटन अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घटना के संबंध में हासिल जानकारी के मुताबिक ट्रक क्रमांक एमपी 21-जी 3691 का चालक पुट्टी लोड करके रीवा जा रहा था। इस दरमियान सुआ मोड़ के पास वाहन का टायर फट गया। बताया गया है कि ड्राईवर जब टायर बदल रहा था,तभी मैहर की तरफ से आ रहे ट्रक क्रमांक यूपी 66 एटी 1929 के चालक ने पीछे से जोरदार ठोकर मार दी, जिसके कारण ड्राईवर शंकर प्रसाद 50 वर्ष निवासी गोपीगंज भदोही उ.प्र. घायल हो गया। घायल चालक को इलाज के लिये आसपास के लोगों की मदद से अस्पताल भिजवाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

## कलेक्टर की सक्रियता से कृषि उपज मण्डी में गेहूं की खरीदी शुरू

**मैहर।** मध्य प्रदेश में किसानों की हितैषी बताने वाली प्रदेश सरकार के आदेश का किस प्रकार कृषि विभाग के द्वारा धज्जियां उड़ाई जाती है यह आज मैहर जिले के हरनामपुर कृषि उपज मण्डी में देखने को मिला अगर जिला कलेक्टर रानी बाटड के द्वारा शिकायत मिलने पर तुरंत कार्यवाही न की जाती तो बेचारे किसान अपनी फसल को वापस घर ले जाते। बताया जाता है कि मध्य प्रदेश में प्रशासन के द्वारा निर्देश जारी किए गए थे कि 05 अप्रैल से सभी खरीदी केंद्रों में गेहूं की खरीदी कि जाएगी जिसके लिए मैहर जिले में तीन खरीदी केंद्र बनाए गए थे जहां पर किसानों के द्वारा स्लाट बुक किया गया और आज सुबह से ही किसान अपनी फसल को विक्रय करने के लिए क्षेत्र के हरनामपुर कृषि उपज मंडी पहुंचने लगे। बताया जा रहा है कि क्षेत्र के किसान भूखे प्यासे इस तपा देने वाली गर्मी में अपनी महीनों की मेहनत से उगाई गई फसल को बेचने के लिए खरीदी केन्द्र में पहुंचे थे मगर किसानों के उम्मीदों पर पानी फिरता हुआ नजर आया क्योंकि मण्डी में उपस्थित कर्मचारियों के द्वारा मनमाना रवैया अपनाते हुए गेहूं की खरीदी करने से साफ मना कर दिया गया और अन्नदाताओं को खरीदी केन्द्र से अपनी फसल वापस ले जाने का आदेश जारी कर दिया गया।इस बात का जैसे ही पता चला किसानों आक्रोषित हो गए और फसल खरीदी किए जाने की मांग करने लगे।इस घटना की जानकारी किसानों के द्वारा मैहर जिला कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड को मोबाइल के माध्यम से दी गई और हो रही समस्या से अवगत कराया गया। जैसे ही इस बात की जानकारी कलेक्टर रानी बाटड को मिली तो मामले को गम्भीरता से लेते हुए विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को फटकार लगाते हुए खाद्य अधिकारी एसके भदौरिया को आदेश दिया गया कि मौके पर पहुंच कर मामले की जांच कर खरीदी केंन्द्र को शुरु किया जाए। श्री भदौरिया ने पहुंचकर मण्डी में मौजूद अन्नदाताओं को पुष्प माला पहना कर मुंह मीठा कराया और खरीदी शुरू की गई। किसानों ने मैहर जिला कलेक्टर और अधिकारियो का धन्यवाद ज्ञापित किया।

**सोने-चांदी के गहने, बर्तन और सामान सहित नगदी ले उड़े बदमाश**

## कोटर और रामनगर में लाखों की चोरी







**सतना।** जिले में बदमाशों की सक्रियता ने लोगों की नींद उड़ा दी है। बदमाशों ने यहां कोटर थाना क्षेत्र और रामनगर थाना क्षेत्र में चोरी की दो बड़ी वारदातों को अंजाम देकर सनसनी फैला दी है। बदमाशों ने लाखों रुपए के सोने चांदी के गहने और बर्तन अन्य सामान समेट नगदी पर कर दी है। घटना की शिकायत संबंधित थानों में दर्ज कराई गई है लेकिन पुलिस अभी तक बदमाशों तक नहीं पहुंच सकी है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कोटर थाना क्षेत्र में 6 तारीख को बड़ी चोरी की घटना को बदमाशों ने अंजाम दिया है। खबरों के मुताबिक बदमाशों ने यहां पर 41 तोला सोना चांदी पार करती है। इसके अलावा चांदी के समान और नगदी भी ले गए। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है लेकिन उसे कोई सफलता हासिल नहीं हो सकती है। बताया गया है कोटर थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। खबरों के मुताबिक चोरों ने यहां से सीतारामी हार,रानी हार,गला बंद,चेन,सोने की बच्चों की भी चैन,दो सेट पायल,एक सेट सोने की बिछिया,दो सेट बेसर बेदी,चार सेट सोने के छोटे बड़े अंगूठियां,दो नथ,चांदी की चार सेट थाली 2 किलो वजन की,चांदी की कटोरी,गिलास,चम्मच,चांदी के पायल चार सेट,गुड़िया चांदी की,व अन्य सामान बदमाश ले गए हैं। इसी प्रकार बदमाशों ने रामनगर थाना क्षेत्र के वार्ड दो में लाखों रुपए के सोने चांदी के गहनों की चोरी की घटना को अंजाम देकर इलाके में सनसनी फैला दी है। बताया जाता है कि बदमाश मोटर साइकिल में सवार होकर आए थे जिनकी फोटो सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। बदमाशों को पकड़ने के लिए रामनगर थाना क्षेत्र के अलावा आसपास के थाना क्षेत्र की पुलिस भी अलर्ट कर दी गई है और नाकाबंदी करके तलाश की जा रही है।

## हिंदू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर संस्कार भारती द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम



**सतना।** हिंदू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर संस्कार भारती सतना,राम दरबार मंडल,सतना एवं रामेश्वरम भक्त मंडल सतना के संयुक्त तत्वधान में मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। यह आयोजन श्री रामेश्वरम मंदिर, भरहुत नगर सतना में संपन्न हुआ। भव्य सांस्कृतिक संध्या के पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रमुख रूप से नगर पालिक निगम के महापौर योगेश ताम्रकार,उत्तम बनर्जी,संस्कार भारती के प्रांतीयअध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी,जिला मंत्री अमित सोनी,कार्यकारी अध्यक्ष पवन सोनी,कार्यक्रम के संयोजक पंडित विनोद मिश्रा, उपाध्यक्ष धनराज गुप्ता,डॉ राखी सिंह,डॉ.मनीष श्रीवास्तव,रामबली पांडे एवं संस्कार भारती के सभी पदाधिकारी एवं राम दरबार मंडल के सभी सदस्यों द्वारा दीप प्रचलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। संस्कार भारती के धेय गीत से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इसके पश्चात संगीत मय सामूहिक सुंदरकांड का पाठ लगभग 1500 से अधिक लोगों ने सामूहिक रूप से किया। भगवान शिव का प्रसिद्ध भजन ओम नमः शिवाय का गायन लगभग 50 संगीत के विद्यार्थियों तथा कलाकारों द्वारा सामूहिक रूप से किया गया तत्पश्चात श्रीराम जी का प्रसिद्ध भजन अयोध्या में आए मेरे प्यारे राम का कलाकारों द्वारा सस्वार गायन किया गया। कार्यक्रम में समूचे शहर के लोगों ने बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लिया। लगभग 2000 लोगों की उपस्थिति में शहर के विशिष्ट गणमान्य जन सांसद गणेश सिंह,सतना नगर पालिक निगम के महापौर योगेश ताम्रकार,भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मी यादव,अमरपाटन जनपद अध्यक्ष माया विनीत पांडे,वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद आदित्य यादव,वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद शारदा तिवारी,पूर्व पार्षद जय प्रताप बागरी,मंडल अध्यक्ष अभिषेक दत्त पाण्डेय,संकल्प सिंह,समाजसेवी शिबू त्रिपाठी के साथ-साथ राम दरबार मंडल से पूर्णानंद त्रिपाठी,एम.जी मिश्रा,दिनेश चतुर्वेदी,राजेश द्विवेदी,उषा श्रीवास्तव,के साथ-साथ रामेश्वरम मंदिर भक्त मंडल की लगभग डेढ़ सौ मातृशक्ति कार्यक्रम में उपस्थिति रही।

## सामान्य प्रेक्षक डॉ कुमार ने किया नागौद के मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के सामान्य प्रेक्षक डॉ एस सुरेश कुमार ने सोमवार को नागौद विधान सभा के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नागौद,सेमरी,गंगवरिया सहित विभिन्न मतदान केंद्रों की पोलिंग बूथ में आयोग के मानकों के अनुसार की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होने मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिये सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं जैसे पेयजल,दिव्यांग मतदाताओं के लिये रैम्प,विद्युत व्यवस्था सहित बुनियादी व्यवस्थाएं देखी। मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुये उन्होने अधिकारियों से कहा कि मतदान दिवस के पूर्व तक मतदान केंद्रों के लिये आवश्यक व्यवस्था पूर्ण कर लें। आवागमन के मार्ग क्लियर रहें। किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर इसकी जानकारी अपने अधिकारी को दें। मतदान दिवस के दिन किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशों का कड़ाई से



पालन सुनिश्चित कराएं। इस दौरान एसडीएम नागौद एपी द्विवेदी,लायजनिंग आत्मप्रकाश चतुर्वेदी एवं मतदान केंद्रों के बीएलओ उपस्थित रहे। प्रेक्षक डॉ एस सुरेश कुमार ने मतदान केंद्रों का भ्रमण करते हुये रुट पर मिली चेक पोस्ट की गतिविधियों का भी जायजा लिया। उन्होने ड्यूटी में तैनात चेकिंग दल से अब की गई कार्यवाहियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। अब तक जब्त की गई अवैध नकदी और अन्य सामग्री के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अतिथि शिक्षकों की सेवायें निर्वाचन कार्य में नहीं लगाने के निर्देश

**पन्ना।** संचालक लोक शिक्षण ने समस्त कलेक्टरों को कहा है कि अतिथि शिक्षकों की सेवायें निर्वाचन कार्य में नहीं ली जाये। अतिथि शिक्षकों की सेवायें स्कूल शिक्षा विभाग में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में 30 अप्रैल तक मान्य की गई है। इसके पश्चात अतिथि शिक्षकों को मानदेय भुगतान करने का प्रावधान नहीं है। निर्वाचन कार्य में अतिथि शिक्षकों को यथासंभव न लगाया जाये तथा यदि अपरिहार्य कारणों से ऐसा किया जाना आवश्यक हो तो उनकी ड्यूटी 30 अप्रैल 2024 तक ही निर्वाचन कार्य में लगायी जाये।

### विज्ञापनों के संबंध में आयोग ने जारी किए दिशा निर्देश

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन अवधि के दौरान प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों के लिए मार्गदर्शी सिद्धांतों को प्रभावशील कर लागू किया है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन में आदर्श आचार संहिता को सर्वोपरि मान्य किया गया है। आयोग ने कहा है कि समाचार माध्यमों से प्रकाशित-प्रसारित करने के पूर्व विज्ञापनों के मामले में यह सुनिश्चित किया जाए की उनमें नैतिकता एवं शिष्टता हो तथा किसी की भी धार्मिक भावनाओं को आघात ना पहुंचे। आयोग ने स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किए है कि ऐसा कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जाए जो किसी भी जाति, धर्म, रंग, पंथ और राष्ट्रीयता का उपहास करता हो। ऐसा विज्ञापन जो संविधान के किसी भी उपबंध के विरूद्ध हो, प्रकाशित एवं प्रसारित नहीं होना चाहिए। इसी प्रकार अपराध करने, हिंसा करने या लोगों को भड़काने की प्रवृत्ति रखता हो, किसी भी प्रकार की अश्लीलता दर्शाता हो, राष्ट्रीय समप्रतीक का अनादर करता हो, नारी के लिए किसी भी प्रकार से अपमानजनक हो या उपहास करता हो, दहेज, बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराईयों से लाभ उठाता हो आदि से संबंधित विज्ञापन प्रकाशित एवं प्रसारित नहीं किए जाने चाहिए।

### उम्मीदवार चुनावी खर्च का हिसाब आयोग के निर्देशानुसार रखें

**पन्ना।** लोकसभा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों से चुनाव के दौरान होने वाले खर्च का हिसाब भी निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रखे जाने के लिए कहा गया है। उम्मीदवारों से कहा गया है कि वे स्वयं या अपने चुनाव एजेंट के पास चुनाव का खर्च रखें। यह खर्च उम्मीदवार के नाम-निर्देशन दाखिल करने की तारीख से चुनाव परिणाम की तारीख को शामिल करते हुए रखा जाएगा। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए खर्च की अधिकतम सीमा 95 लाख रूपए तय की है। चुनावी खर्च के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग ने लोक जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के प्रावधानों का उल्लेख किया है। प्रावधान के अनुसार राजनैतिक दल के स्टार प्रचारक अपने दल के प्रचार कार्यक्रम के लिए किसी साधन से आना-जाना करते हैं तो उसका खर्चा उम्मीदवार के चुनावी खर्च में नहीं जोड़ा जाएगा। यदि किसी राजनैतिक दल ने अपने उम्मीदवार को स्टार प्रचारक घोषित किया है तो वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में स्टार प्रचारक नेता नहीं माना जाएगा। वह उम्मीदवार जब अपने क्षेत्र में प्रचार के दौरान जाता है तो उसका खर्चा उसके चुनावी खर्चे में शामिल किया जाएगा।

### स्थापना दिवस पर भाजपा ने बनाया सदस्यता का रिकॉर्ड

# सदस्यता का आकंड़ा 4 लाख 50 हज़ार तक पहुंचेगा -शर्मा

**पन्ना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने हमें लक्ष्य दिया था कि प्रत्येक बूथ पर पिछले चुनावों में मिले सर्वाधिक मतों में 370 नए मत जोड़ने का प्रयास पूरे प्रदेश में करना है। जिसके निमित्त भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश भर में न्यू जॉइनिंग का अभियान चलाया गया, जिमसें अन्य दलों के नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, चिकित्सक, कलाकार एवं खिलाड़ी सहित समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने सोमवार को पन्ना के भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए कही।

न्यू ज्वॉनिंग के संकल्प को बूथ कार्यकर्ताओं ने जमीन पर उतारा

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने बूथ के कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर 6 अप्रैल को 64523 बूथों पर 1 लाख से अधिक ज्वॉनिंग का संकल्प लिया गया था, जिसे बूथ कार्यकर्ताओं ने इतने व्यापक तौर पर जमीन पर उतारा और 64523 बूथों में से संगठन एप में रियल टाइम अपलोड किये गये 47,179 ऑन रिकॉर्ड बूथों पर 2,82,242 नए लोगों ने भाजपा की सदस्य ग्रहण की है और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति विश्वास व्यक्त किया है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश के सभी 64523 बूथों का आकड़ा आने पर संभवतः कुल सदस्यता 4 लाख, 50 हजार होगी।



### जनता का स्नेह और आशीर्वाद मिल रहा

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश भर में सदस्यता अभियान के अंतर्गत लगातार सभी समाज वर्गों के लोग भी पार्टी की सदस्यता ले रहे हैं। इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं का कार्य अभिनंदनीय है, जिन्होंने दिये गये टास्क को पूरा किया है। भाजपा न्यू ज्वॉनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा सहित टोली के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के टास्क प्रत्येक बूथ पर 370 नए मतदाता जोड़ने का यह आधार है, जिसको पूरा किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव के समय भाजपा का कारवां तेज गति से बढ़ रहा है और भाजपा को निरंतर जनता का स्नेह और आशीर्वाद मिल रहा है। कांग्रेस में भी कुछ अच्छे लोग थे, जो भाजपा में आ गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने पन्ना नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष व कांग्रेस की पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीमती शारदा पाठक का उदाहरण देते हुए कहा कि मैं जब सांसद बना था तभी से मेरी इच्छा थी कि कांग्रेस के अच्छे लोग भाजपा में आएं और श्रीमती शारदा पाठक ने भाजपा की विचारधारा और संगठन की मंशा के अनुसार काम करना प्रारंभ कर दिया है। भाजपा विचारधारा के लिए काम करने वाली पार्टी है, हम परिवारवाद से बाहर विचारों के लिए लड़ने वाले लोग हैं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष ब्रजेन्द्र मिश्रा एवं प्रदेश सह मीडिया प्रभारी आशीष तिवारी, दुर्गेश शिवहरे, श्रीमति शारदा पाठक उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में फेयरवेल का आयोजन



**पन्ना।** छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना, अंग्रेजी विभाग में फेयरवेल का आयोजन किया गया जिसमें एम ए द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने एम.ए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा विदाई दी गई। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस पी एस परमार ने देवी सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया ।तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती स्तुति वंदना की गई। विदाई कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एसपीएस परमार, प्रशासनिक अधिकारी डॉ पी पी मिश्रा एवं पूर्व कला संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर पी गौर एवं प्रोफेसर उषा मिश्रा डॉक्टर ,उमा त्रिपाठी विभाग अध्यक्ष हिंदी का स्वागत छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया इसके पश्चात डॉ राम मोहन तिवारी, विभागाध्यक्ष अंग्रेजी द्वारा अपने शुभकामनाओं में यम-नियम का पालन को सफलता का सूत्र बताए ।अंग्रेजी विभाग के सहायक अध्यापक डॉ गुलाब धर एवं डॉ अंकिता सोनी ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। एम ए द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्रा चेतना अहिरवार ,सारांश श्रीवास्तव, अतुल दहायक, शुभम चौरसिया ने मां चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी एवं मां चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्रा नंदिनी शर्मा स्तुति पाठक मानसी जड़ियि,रिया चतुर्वेदी अर्चना ठाकुर ने एमए द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। विदाई एवं स्वागत कार्यक्रम में मिस फेयरवेल मुक्ति जैन एवं मिस्टर फेयरवेल वासु सोनी को प्रदान किया है। मिस फ्रेश प्रिया विश्वास एवं मिस्टर फ्रेशर जयनारायण पांडेय को प्रदान किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एसपीएस परमार द्वारा एम.ए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामनाएं दी एवं एम.ए द्वितीय वर्ष के छात्र छात्रों को समय के सदुपयोग एवं अपने कर्तव्यों का पालन करने का सुझाव दिया। इस कार्यक्रम में डॉ. एस के पटेल डॉ. विनय श्रीवास्तव डॉ. सिद्धू सिंह डॉ. रजनीश चौरसिया डॉ. पीयूषा शर्मा डॉ. सतीश त्रिपाठी डॉ अरविंद मंडेलिया डॉक्टर धर्मेंद्र यादव डॉ. वरदानी प्रजापति डॉक्टर सचिन गोयल डॉ. कविता परवंदा एवं डॉ विनय श्रीवास्तव डा. बी एन जयसवाल अनुराधा चौरसिया एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# बीच रास्ते में बस रोककर यातायात बाधित करने वाली बस के विरुद्ध पवई पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई

**पवई।** पवई थाना अंतर्गत करही मोड़ के पास सड़क पर एक बस चालक के द्वारा बस को रोड के बीचों बीच पर बिना किसी स्टॉपेज के खतरनाक तरीके से खड़ा किया गया था। जिससे आवागमन बाधित हुआ एवं आने जाने वाले अन्य व्यक्तियों एवं वाहनों को उक्त बस के सड़क पर खड़े होने से आम जनमानस को बहुत समस्या हो रही थी तथा आवागमन भी बाधित हो रहा था। जो पेट्रोलिंग के दौरान उक्त बस जिसका नंबर उच 35 च 0176 है के विरुद्ध पवई थाना में अपराध क्रमांक 157/24 धारा 283 आईपीसी एवं मोटर व्हीकल ंबज की अन्य धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं बस को मौके पर ही जप्त किया गया।




# प्रदेशव्यापी गिद्ध गणना वर्ष 2024

**पन्ना।** सम्पूर्ण मध्य प्रदेश में एक साथ गिद्ध गणना करने के उद्देश्य से द्वितीय चरण की गिद्ध गणना लोकसभा निर्वाचन के चलते दिनांक 20.04.2024 से 22.04.2024 तक निरस्त की गई है। अब द्वितीय चरण की गणना का कार्य दिनांक 29.04.2024 से 01.05.2024 तक संरक्षित क्षेत्र एवं अन्य वन क्षेत्रों में एक साथ की जावेगी। पन्ना टाइगर रिजर्व में भी गिद्ध गणना का कार्य दिनांक 29.04.2024 से 01.05.2024 तक प्रदेश व्यापी गिद्ध गणना के साथ ही सूर्योदय से प्रातः 0800 बजे तक सम्पन्न किया जावेगा। अतः गैर शासकीय संस्था अथवा व्यक्तियों के द्वारा जो गिद्धों के सम्बन्ध में ज्ञान एवं रुचि रखते हों तथा दिनांक 29.04. 2024 से 01.05.2024 तक गणना कार्य में भाग लेने के इच्छुक हो तो वे कार्यालय क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व में दिनांक 25.04.2024 को दोपहर 12.00 बजे सम्पर्क कर सकते हैं. साथ ही अपना आवेदन विवरण सहित भी दे सकते है। गिद्ध गणना में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को इस कार्यालय द्वारा कोई मानदेय देय नहीं होगा, प्रतिभागी को समस्त व्यय स्वयं वहन करना होगा।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया संयुक्त भ्रमण



### मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर देखी व्यवस्थाएं

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा ने रविवार को गुनौर, पवई एवं अजयगढ़ क्षेत्र में भ्रमण कर लोकसभा निर्वाचन की तैयारी व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारीद्वय ने संयुक्त भ्रमण के दौरान मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाएं देखीं। इस मौके पर स्थानीय निवासियों व मतदाताओं से चर्चा कर निर्भीक व निडर होकर अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। सुरक्षा व कानून व्यवस्था के मद्देनजर भी प्रशासन व पुलिस के मैदानी अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा गुनौर विधानसभा के ग्राम महेवा स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 79, 80 एवं 81, पवई विधानसभा के कृष्णगढ़ के मतदान केन्द्र क्रमांक 270, 271, 272 एवं 273 तथा अजयगढ़ क्षेत्र के सिंहपुर स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 137, 138 एवं 139 का भ्रमण किया गया। साथ ही जिले के सीमावर्ती गांव में स्थित मतदान केन्द्रों पर आवश्यक बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्थाओं के लिए कहा। इस दौरान केन्द्रों के कक्षों की स्थिति, प्रवेश व निकासी की स्थिति, पेयजल की उपलब्धता, रैम्प निर्माण इत्यादि का जायजा लेकर मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मतदान केन्द्रों पर उपस्थित बीएलओ व अन्य अधिकारियों से गत विधानसभा निर्वाचन में मतदान के प्रतिशत तथा पुरूष एवं महिला मतदाताओं की संख्या की जानकारी भी ली और लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदाताओं को प्रेरित कर मतदान करवाने की समझाइश दी। इस दौरान एसडीएम रामनिवास चौधरी एवं श्रुति अग्रवाल, तहसीलदार आशुतोष मिश्रा, प्रीति पंथी, सुरेन्द्र अहिरवार और नायब तहसीलदार खेमचन्द्र यादव भी उपस्थित रहे।

## नाम वापसी की अंतिम तारीख को किसी अभ्यर्थी ने नाम वापस नहीं लिया

## खजुराहो लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 14 अभ्यर्थी लड़ेंगे चुनाव

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के चुनाव के तय कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्रों की संवीक्षा के बाद शेष रह गये 14 अभ्यर्थियों में से नाम वापसी के अंतिम दिन आज सोमवार को किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र वापस नहीं लिया गया है। इस तरह अब खजुराहो लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 14 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। नाम वापसी की समय सीमा बीत जाने के बाद चुनाव लड़ने वाले निर्दलीय उम्मीदवारों को प्रतीक चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया जारी है। खजुराहो लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया के दौरान 19 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी को प्रस्तुत किये गये थे। संवीक्षा के दौरान इनमें से पांच अभ्यर्थियों का नामांकन पत्र रद्द हो गया, जबकि 14 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाए गए थे। इनमें भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार विष्णुदत्त शर्मा एवं बहुजन समाज पार्टी के कमलेश कुमार सहित मोहम्मद इमरान, कपिल गुप्ता भारतीय, केशकली, गिरन सिंह, नंदकिशोर, पंकज मौर्य (कुशवाहा), पन्ना लाल त्रिपाठी एड., फिरोज खां, बिटइया अहिरवार, आर.बी. प्रजापति (राजा भइया) पूर्व आई.ए.एस., लक्ष्मी प्रसाद और पेंटर सुनमान सिंह लोधी शामिल हैं।

# पन्ना पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध की जा रही सख्त कार्रवाई

**30 व्यक्तियो के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनके कब्जे से कुल 142 लीटर अवैध देशी/विदेशी शराब कीमती करीब 45 हजार रुपये की जप्त।**

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा आदर्श आचार संहिता के दौरान जिले में सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण रखने हेतु जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब के निर्माण, भंडारण,परिवहन व विक्रय करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध अभियान चलाकर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है । पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं पन्ना जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में थाना स्तर पर पुलिस टीमों का गठन किया गया, उक्त पुलिस टीमो द्वारा दिनांक 06.04.24 को अपने अपने थाना क्षेत्रो मे अवैध देशी मदिरा,महुआ की कच्ची शराब का निर्माण करने वाले संदिग्ध व्यक्तियो के ठिकानो पर दविश दी गई साथ हि मुखविर सूचना के आधार पर अवैध शराब का भंडारण व विक्रय करने वाले व्यक्तियो के यहां सघन चौकिंग की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही मे पन्ना जिले के समस्त थानो मे कुल 30 व्यक्तियो के खिलाफ 30 प्रकरण दर्ज कर आरोपियो के कब्जे से 84 लीटर महुआ की कच्ची शराब , 44 लीटर देशी शराब ,14 लीटर अंग्रेजी शराब सहित कुल 142 लीटर अवैध शराब कीमती करीब 45 हजार रूपये की जप्त की गई।

# पन्ना पुलिस द्वारा अवैध शराब का भण्डारण करने वाले 1 आरोपी के विरूद्ध की गई वैधानिक कार्रवाई

**आरोपी के कब्जे से अवैध देशी मदिरा प्लेन शराब 63 लीटर कीमती करीब 31500 रु. की जप्त**

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों/चौकी प्रभारियों को अवैध शराब के निर्माण, भंडारण,परिवहन व विक्रय करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध अभियान चलाकर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन एवं जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में थाना/चौकी स्तर पर पुलिस टीमों का गठन किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना/चौकी क्षेत्र में मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी सलेहा उनि सरिता तिवारी को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम गंज तलैया की मेड़ पर हरे रंग की पन्नी से टपरा पर अवैध रूप से शराब रखे हुए है। थाना प्रभारी सलेहा द्वारा गठित पुलिस टीम के साथ मुखबिर सूचना की तस्दीक एवं रेड कार्यवाही हेतु वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के उचित दिशा निर्देशन में मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँचकर देखा गया। मौके पर एक व्यक्ति पुलिस को देखकर टपरा से निकलकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ते हुये उक्त व्यक्ति के टपरा में जाकर देखा गया तो टपरा के अन्दर खाकी कलर की बोरी के नीचे 07 पेटी कार्टूनों में 350 क्वार्टर अवैध देशी मदिरा प्लेन शराब कुल मात्रा 63 लीटर कीमती करीब 31500 रु. की रखी पाई गई। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से उक्त अवैध शराब को जप्त कर आरोपी को मौके से गिरप्तार किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध थाना सलेहा में अपराध क्र. 98/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उनि सरिता तिवारी, प्र.आर राजेश कुमार प्रजापति, भूपेन्द्र त्रिपाठी, आर. सतीष श्रीवास, दीपक सोनंकिया, अवनीश गौतम, देवराज गौतम, सै. चन्द्रकिशोर बागरी की सराहनीय भूमिका रही है।

### रैलियों एवं सभाओं की अनुमति के लिए ऑनलाइन किये जा सकेंगे आवेदन

**पन्ना।** लोकसभा चुनाव के दौरान राजनैतिक दलों और प्रत्याशियों को सभा के लिये मैदान की अनुमति लेने, रैली निकालने, लाउडस्पीकर, वाहन एवं हेलीपैड के लिये अनुमति लेने निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पडेगी। वे इन अनुमतियों के लिये सुविधा एप पर ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। चुनाव आयोग ने पारदर्शिता के मद्देनजर किसी भी कार्य की अनुमति लेने के लिये राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों को पहले आओ पहले पाओ की सुविधा दी है। इसके तहत जो पहले ऑनलाइन आवेदन करेगा, उसे पहले अनुमति दी जायेगी। इसके लिये सुविधा एप पर तय समय के पूर्व ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन करने के बाद उपलब्धता अनुसार उन्हें अनुमति दी जायेगी। लोकसभा चुनाव को सरल एवं पारदर्शी बनाने के लिये आम सभायें, रैली, वाहनों के अधिग्रहण की जानकारी सहित विभिन्न समस्याओं का समाधान भी ऑनलाइन किया जायेगा।

### खबर संक्षेप

## दो वर्ष पहले हुआ तबादला पर आज तक नहीं हुये रिलीव

**पथरिया।** नगर परिषद द्वारा कोराना काल में खरीदी गई सामग्री की निष्पक्ष एजेंसी द्वारा जांच हो ताकि हकीकत सामने तो आए कि आखिर कैसे लाखों रुपए की खरीदारी किस किस सामग्री के नाम पर हुई परिषद में पदस्थ प्रभारी लेखापाल द्वारा सभी कार्य स्वयं के द्वारा कराये जाते रहें। शायद किसी विभाग के लेखापाल को ऐसी सुविधा हो जैसे नगर परिषद के प्रभारी लेखापाल को है। सागर से अप डाउन करते 2-3 जगह कार्यालय बनाए है। जहां वह बैठते हैं मतलब शासकीय कार्यालय में उनका काम नही बनता। इसलिए वह स्वयं अपने हिसाब से काम करते रहते हैं। मोबाइल नंबर पर काल नही लगता सिर्फ उनके चहेते कुछ कर्मचारियों को मालूम रहता है कि वह कब आयेंगे व कहां आज बैठेंगे। 2 वर्ष से ज्यादा समय पहले तबादला हो गया उसके बाद भी यही जमें बैठे हैं। मूल पदस्थापना समयपाल उसके साथ प्रभारी लेखापाल, स्टोर शाखा, उपयंत्री का काम भी देख रहे हैं। सुनने में आया है कि राजनैतिक व उपसंचालक कार्यालय में अधिकारियों से अच्छी खासी पकड़ होने के कारण कोई कार्यवाही नही होती है।

## अज्ञात कारणों के चलते युवक की मौत

**दमोह।** नोहटा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में व्यक्ति की मौत हो गई । प्राप्त जानकारी के अनुसार अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि एक व्यक्ति जो दोपहर 12 बजे से अस्पताल परिसर के प्रवेश द्वार के सामने छाया में बैठा हुआ था। बहुत लंबे समय की बाद उसे प्यास लगने पर करीब शाम 5 बजे वह अस्पताल के अंदर पानी पीने के लिए आया और पानी पीकर अस्पताल के हाल में गिर गया। अस्पताल प्रबंधन के द्वारा डॉक्टर को सूचित किया गया। एवं नोहटा पुलिस को जानकारी दी गई। जहां पर डॉक्टर ने जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया कि मृतक बहुत ज्यादा नशे की हालत में था। वह जब से यहां पर बैठा है तभी से झूम रहा था और बैठने की अवस्था में नहीं था इसलिए वह दीवाल से टिका हुआ था। सूचना मिलते ही नोहटा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची एवं उसकी फोटो सोशल मीडिया के माध्यम से पहचान के लिए डाली कुछ समय पश्चात उसकी पहचान नोहटा थाना अंतर्गत ग्राम मझगुवां कीरत निवासी बबलू उर्फ राजाराम प्रधान / मनोहर प्रधान उम्र 35 वर्ष के रूप में हुई। मृतक के चचेरे भाई दिनेश प्रधान ने बताया कि बबलू अहमदाबाद में कार्य करता था और अभी दो दिन पहले ही घर पर आया था। मृतक शादीशुदा है और उसकी दो बेटियां भी है।

## अधिकारियों के अप डाउन संस्कृति पर लगे रोक

**पथरिया।** जिलें के नवनियुक्त जिला कलेक्टर से मांग है कि अनुविभाग मुख्यालय होने के बाद भी प्रमुख अधिकारी मुख्यालय पर निवास ना बनाकर जिला मुख्यालय पर निवास बनाए हुए हैं जिससे वह कार्यालयीन समय सुबह 11 से 5 रहते हैं। कई बार शासन के निर्देश जारी हुए लेकिन कोई असर नही हुआ। चुनाव समय में तक जैसे पहले वैसे चलता रहता है कि समय से आना और शाम को वापस हो जातें हैं।

## लापरवाही पाये जाने पर एसपी को लिखा पत्र

**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने पुलिस अधीक्षक दमोह को पत्र लिखकर कहा है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के भ्रमण दौरान पुलिस बल भी कर्त्तव्य के प्रति गंभीर नहीं पाये गये है। इनमें चेक पोस्ट बटियागढ (अमोदा फारेस्ट बैरियर) सायं 7 बजे से प्रातः 7 बजे तक प्र. आरक्षक 773 राजेश राठौर थाना बटियागढ़, दमोह देहात (टोल बैरियर ग्राम हथना सागर रोड) पर प्र.आर. 640 महेन्द्र कुमार अहिरवार थाना अजाक एवं दमोह देहात (हटा नाका मुक्तिधाम) पर प्र.आर. 267 अमित यादव सागर नाका चौकी भी कर्त्तव्य के प्रति गंभीर नहीं पाये जाने के आरोप में अनुशासनात्मक कार्रवाही की जाकर उनके स्थान पर दूसरा पुलिस बल लगाया जाये। ज्ञातव्य है लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत एस.एस.टी. दल के साथ पुलिस बल पदाविहित किया गया है।

---

ट्रक से क्रॉसिंग लेकर आगे बढ़ रही

# स्कॉर्पियो रॉन्ग साइड से आ रही कार से टकराई, 3 घायल



### नौगांव थाना क्षेत्र के बिलहरी फोरलेन ब्रिज के पास हुई घटना

**नौगांव।** झांसी खजुराहो फोरलेन हाइवे 39 पर रविवार की रात के समय स्कॉर्पियो कार और महिंद्रा मराज़ो कार में आमने सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज हुई की दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। तो वहीं दोनों वाहन में सवार तीन लोग घायल हो गए।राहगीरों की मदद से एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सिविल अस्पताल लाया गया। अस्पताल में घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद परीक्षण किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार नौगांव थाना क्षेत्र के बिलहरी गांव से गुजरे एनएच 39 ब्रिज पर रविवार की रात के समय एक हादसा हो गया। दरअसल छतरपुर तरफ से स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक एमपी 04 जेडएल 7956 झांसी की ओर जा रही थी, स्कॉर्पियो वाहन के आगे एक ट्रक चल रहा था। तभी स्कॉर्पियो के चालक ने ट्रक से क्रॉसिंग लेकर आगे जा रहा था, तभी सामने से रॉन्ग साइड से आ रही महिंद्रा मराज़ो कार क्रमांक यूपी 14बी डब्ल्यू 0904 से टकरा गई। दोनों वाहन टकराने से हादसा हो गया जिसमें दोनों वाहन में सवार तीन लोग घायल हो गए साथ ही वहीं दोनों वाहन भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। दोनों वाहन की आमने सामने टक्कर से हाइवे पर जाम की स्थिति बन गई। राहगीरों की मदद से एंबुलेंस की सहायता से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।अस्पताल में घायलों की पहचान स्कॉर्पियो वाहन में सवार रोहित विश्वकर्मा पिता मोहन लाल विश्वकर्मा, उम्र 24 वर्ष निवासी पलेरा जिला टीकमगढ़ के रूप में हुई तो वहीं महिंद्रा मराज़ो में आरिफ खान पिता सत्तार खान उम्र 28 वर्ष, निवासी श्रीनगर उत्तर प्रदेश एवं रितेश अनुरागी पिता प्यारेलाल अनुरागी उम्र 27 वर्ष श्रीनगर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। वहीं घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया है

# परशुराम जयंती को लेकर सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न, कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार

नौगांव

शहर के बिलहरी रोड़ स्थित ब्राम्हण समाज भवन में शाम 6 बजे भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर ब्राह्मण समाज की दूसरी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के पूर्व भगवान परशुराम जी के चित्र पर तिलक माल्यार्पण कर बाद में भगवान परशुराम की जयंती को आकर्षक ढंग से मनाने को लेकर विचार विमर्श किया। जिसमें इस वर्ष एक दिवसीय कार्यक्रम पर आम सहमति बनी।

ब्राम्हण समाज की बैठक के दौरान सनातन रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम जयंती समारोह का आयोजन बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर दो दिवसीय कार्यक्रम किया जाएगा जिसमें 10 अप्रैल दिन बुधवार को परशुराम भगवान जन्मोत्सव पर धौर्रा मंदिर में सुबह हवन पूजन, परशुराम चालीसा, भजन गायन कार्यक्रम किये जायेंगे। साथ ही शाम को बिलहरी स्थित ब्राम्हण समाज भवन में सुन्दरकांड का संगीतमयी पाठ, हनुमान चालीसा प्रसाद वितरण आदि किया जाएगा। परशुराम जी के जीवन पर उद्बोधन भी किया जाएगा। तत्पश्चात प्रसाद वितरण एवं सहभोज होगा। इसके बाद समाज के कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति जयंती समारोह के अंत में भगवान परशुराम जी की महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।

बैठक में शहर सहित क्षेत्रभर के ब्राह्मण समाज के सदस्यों के बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की गई है बैठक में बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# जीवन में दुख मिले चाहे सुख दोनों स्थिति में भगवान की उपस्थिति अनिवार्य है : धन्वंतरी दास जी महाराज

छतरपुर।

शहर के संस्कार वाटिका में आयोजक जीतेन्द्र रिछारिया की संगीतमय श्रीमद्भागवत के द्वितीय दिवस की कथा में श्री धाम वृंदावन से पधारे परम पूज्य श्री धन्वंतरी दास जी महाराज ने श्रीमद् भागवत का मंगलाचरण का विस्तार से वर्णन किया भगवान के 24 अवतारों की कथा सुनाते हुए बताया धर्म की रक्षा के लिए भगवान इस धरती पर प्रकट होकर अधर्म का नाश करते हैं , माता कुंती की स्तुति का वर्णन किया और बताया जीवन में जब दुख आते हैं तभी भगवान की याद आती है इसलिए भगवान सदा सर्वदा निकट बने रहें माता कुंती ने इसी भावना के साथ भगवान से दुख मांगे,, पूज्य महाराज जी ने बताया की जीवन में दुख मिले चाहे सुख मिले दोनों की स्थिति में भगवान की उपस्थिति अनिवार्य है भगवान को कभी नहीं भूलना चाहिए, पितामह भीष्म की स्तुति का वर्णन किया और बताया जीवन के अंतिम समय में भगवान का नाम भगवान का दर्शन हो जाए ऐसा प्रयास करना चाहिए जिससे हमारी मति भगवान के चरणों में लग जाए,,श्री परीक्षित जी महाराज के जन्म कर्म की कथा सुनाइ श्री परीक्षित जी महाराज को श्राप लगने की कथा भी सुनाई, सुखदेव जी महाराज के आगमन पर श्रीमद् द्भागवत के दिवस की कथा का विश्राम किया। कथा में पधारे सभी श्रद्धालुओं जनों ने खूब आनंद लिया और आम जनों ने भाव विभोर होकर कथा का रसपान किया।

## गर्भवती महिला के लिए समाजसेवी ने किया रक्तदान



**छतरपुर।** आपाजी ब्लड ग्रुप के रफत खान ने बताया कि जिला अस्पताल में भर्ती शांतिबाई नाम की गर्भवती महिला को प्रसव के पूर्व रक्त की आवश्यकता थी। चूंकि उसका ब्लड ग्रुप बी निगेटिव था, जो कि काफी रेयर होता है इसलिए परिजनों को रक्त के लिए परेशान होना पड़ रहा था। जब यह जानकारी आपाजी ब्लड ग्रुप के माध्यम से समाजसेवी आशीष असाटी को मिली तो उन्होंने अपना रक्तदान करते हुए मदद की। ब्लड का इंतजाम होने के बाद शांतिबाई ने एक स्वस्थ पुत्री को जन्म दिया है। परिजनों ने आपाजी ब्लड ग्रुप और आशीष असाटी का आभार जताया है। रक्तदान के दौरान ग्रुप के सदस्य और ब्लड बैंक का स्टाफ उपस्थित रहा।

## गांव के बाहर खोली जाए शराब दुकान, पंचायत ने लिया फैसला

छतरपुर।

जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बृजपुरा के सरपंच और ग्रामीणों ने मिलकर गांव की शराब दुकान का स्थान गांव के बाहर निर्धारित करने का फैसला लिया है। सरपंच ने पंचायत के प्रस्ताव सहित एक आवेदन भी कलेक्टर को दिया है, जिसमें शराब दुकान का स्थान परिवर्तन करने की मांग की गई है।

कलेक्टर के सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि पूर्व में जो शराब दुकान ग्राम गठेवरा में संचालित हो रही थी उसका स्थल परिवर्तन कर ग्राम बृजपुरा कर दिया गया है, जबकि बृजपुरा के लोग इससे सहमत नहीं हैं। ग्रामीणों की सहमति से पंचायत ने शराब दुकान का स्थान गांव के बाहर निर्धारित करने का प्रस्ताव पारित किया है। ग्रामीणों का मानना है कि गांव में शराब दुकान होने से गांव का माहौल खराब होगा। ग्रामवासियों ने शराब दुकान का स्थान गांव के बाहर निर्धारित करने की मांग की है और अन्यथा की स्थिति में चुनाव के पश्चात उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।



कलेक्टर को आवेदन देकर रखी स्थान परिवर्तन की मांग

# मतंगेश्वर मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

खजुराहो



पर्यटन नगरी में सोमवती अमावस्या के मौके पर मतंगेश्वर मंदिर में श्रृद्धालुओं की अपार भीड़ देखने को मिली। दर्शन के पूर्व हजारों श्रद्धालुओं ने शिवसागर तालाब में डुबकी लगाई और इसके बाद भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। सोमवती अमावस्या होने के कारण सुबह 4 बजे से ही भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने का सिलसिला शुरू हो गया था। दिन भर मतंगेश्वर मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजता रहा। सोमवती अमावस्या होने के कारण बुंदेलखंड अंचल सहित दूर-दराज के शिवभक्त भी खजुराहो पहुंचे। जिन्होंने जलाभिषेक के साथ-साथ भगवान शिव को जल और बेलपत्र चढ़ाकर खुशहाली की कामना की। ग्रामीण क्षेत्रो की महिलाएं और पुरुष लमटेरा गाते हुए मंदिर पहुंचे थे, जो कि आकर्षण का केन्द्र रहे। मंदिर परिसर में अत्यधिक भीड़ होने के चलते प्रशासनिक व्यवस्था भी चाक-चौबंद रखी गई। वहीं दूसरी ओर सोमवती अमावस्या होने के चलते मन्दिर परिसर में हजारों महिलाओं ने वट-वृक्ष की परिक्रमा भी लगाई।

# वुमेन्स पॉवर ग्रुप ने आयोजित किया सखी मिलन कार्यक्रम



**खजुराहो।** बीते रोज नगर में वुमेन्स पॉवर ग्रुप द्वारा सखी मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर की महिलाओं ने बढ़चढ़कर सहभागिता की। वुमेन्स पॉवर ग्रुप की संचालिका श्रीमती मयंका गौतम ने भगवान कृष्ण की पूजा-अर्चना के बाद सभी महिलाओं को तिलक लगाकर पुष्पवर्षा करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं के मनोरंजन हेतु अंताक्षरी, नृत्य और खेल की गतिविधियां हुईं। तदुपरांत श्रीमती गौतम ने ग्रुप की सदस्य श्रीमती कविता अवस्थी की बेटी लवली के द्वारा बनाया गया आकर्षक केक काटकर सभी को खिलाया। श्रीमती गौतम ने बताया कि हमारे ग्रुप का उद्देश्य मातृशक्ति के हुनर को परखकर उन्हें आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रियंका पटैरिया ने किया, उन्होनें महिलाओं को अपनी शक्ति पहचानने और संगठित होने की सलाह दी।

## समाजसेवी भाईयों की पहल से बुझेगी पक्षियों और इंसानों की प्यास




बड़ामलहरा

नगर में रहने वाले दो समाजसेवी भाइयों की सराहनीय पहल से मौजूदा गर्मी के मौसम में पक्षियों और इंसानों दोनों की प्यास बुझेगी। दरअसल समाजसेवी निखिल जैन ओर निलय जैन बिट्टू के द्वारा नगर में पक्षियों के लिए जलकुंड और इंसानों के लिए निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था कराई है। जैन भाईयों ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से समाजसेवा के कार्य करते आ रहे हैं, और इसी क्रम में उनके द्वारा गर्मी के मौसम को ध्यान में रखकर पक्षियों और इंसानों की प्यास बुझाने के लिए यह कार्य किया है। सोमवार को दोनों भाईयों ने साठिया घाटी में पानी से भरे जलकुंड (सकोरे) रखने के साथ लोगों से प्रतिदिन उनमें पानी भरने की अपील की। उक्त जलकुंडों से पक्षियों के साथ बंदर भी अपनी प्यास बुझा सकेंगे। इसके साथ ही उन्होंने इंसानों के लिए निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ भी किया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में निखिल और निलय के द्वार नगर में निःशुल्क नेत्र शिविर, जरूरतमंदों के लिए खाने की व्यवस्था, बंधम जानवरों को मुक्त कराने की पहल, घायल जानवरों के उपचार की व्यवस्था जैसे सराहनीय कार्य किए जा चुके हैं।

### रात से शुरु हुआ जलाभिषेक का दौर शाम तक रहा जारी

# जटाशंकर पहुंचे एक लाख से अधिक भक्त

बिजावर



चैत्र माह की सोमवती अमावस्या के दिन जिले के प्रसिद्ध तीर्थ एवं पर्यटन स्थल श्री जटाशंकर धाम में श्रद्धालुओं का सैलाब देखने को मिला। एक अनुमान के मुताबिक रविवार की शाम से सोमवार की रात तक यहां करीब 1 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे हैं। रविवार की शाम को ही भक्तों के आने का क्रमा शुरु हो गया था। कुछ भक्तों ने रात को 12 बजते ही जटाशंकर के कुंडों में स्नान कर भोलेनाथ का अभिषेक किया। वहीं सोमवार की सुबह 12 बजे से शाम 5 बजे तक मंदिर में भारी भीड़ रही। दोपहर में जटाशंकर पहुंचे कई भक्तों ने जलाभिषेक के बाद भगवान सत्यनारायण की कथा सुनी और जरूरतमंदों में अन्नदान भी किया। कई भक्तों के द्वारा मंदिर में पितरों की पूजा के लिए विशेष अनुष्ठान भी कराया गया।

### लोकन्यास श्री जटाशंकर धाम ने किए व्यापक इंतजाम

लोकन्यास श्री जटाशंकर धाम अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल ने बताया कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने की संभावना के मद्देनजर लोकन्यास श्री जटाशंकर धाम द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए थे। मंदिर प्रांगण में आधा दर्जन से अधिक नए वाटर पॉइंट बनाए गए थे और इनके साथ ही पुराने एक दर्जन वाटर पॉइंट भी एक्टिव रखे गए। मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई, व्यवस्थित दर्शन व्यवस्था हेतु अतिरिक्त वालंटियर भी तैनात किए गए थे। समस्त व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए एक विशेष टीम गठित की गई थी जो रविवार की रात से सोमवार की रात तक सक्रिय रही। पड़ोसी जिले दमोह से आने वाल भक्तों के लिए मंदिर के ऊपरी हिस्से में मंगल भवन के पास पार्किंग की व्यवस्था बनाई गई थी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से मंदिर प्रांगण में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को चालू रखा गया।

### अमावस्या पर रात भर खुला रहने वाला इकलौता मंदिर है जटाशंकर धाम

मंदिर के पुजारी हरिशंकर दुबे, रामअवतार तिवारी, खिलानंद गौतम और राकेश धतरा ने बताया कि जटाशंकर धाम वह इकलौता मंदिर है जो अमावस्या के दिन रात भर खुला रहता है। ऐसी मान्यता है कि अमावस्या की रात को भगवान शिव की जटाओं में चंद्रवास रहता है, जिसके दर्शन विशेष पुण्यदायी होते हैं।

लोकन्यास के संस्थापक सदस्य वयोवृद्ध मुन्नीलाल पांडे खैराकला बताते हैं कि अमावस्या के दिन पूरी रात मंदिर खुले रहने की परंपरा सैकड़ों वर्ष पुरानी है। पूर्व में लोग पैदल, बैलगाड़ी अथवा साइकिलों से अमावस्या के दो दिन पहले जटाशंकर धाम पहुंच जाते थे, और यहां रुक कर भोलेनाथ आराधना किया करते थे। मुन्नी लाल पांडे बताते हैं कि इस सिद्ध धार्मिक क्षेत्र को बुंदेलखंड का केदारनाथ भी कहा जाता है, यहां कई ऋषि-मुनियों ने तपस्या और साधना की है।


## नदी किनारे बसे गांव में पानी के लिये त्राहि-त्राहि, नहीं पहुंचा नल से जल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

समस्याओं को हल करने जिन जिम्मेदारों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह भी ग्रामीणों की परेशानियों को कम नहीं कर पा रहे हैं। हटा। शासन द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर पीएचई विभाग के माध्यम से विगत वर्षों पूर्व संचालित नल जल योजना के तहत हर घर में पानी देने का वादा किया गया था। गांव में ग्रामीण जल मिशन की नल जल योजना के तहत हर घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना था ताकि पानी के लिए गांव के लोगों को कई किलोमीटर न जाना पड़े आसानी से हर घर शुद्ध पेयजल मिल सके। लेकिन सरकार के लाख प्रयासों के बावजूद अधिकारियों की उदासीनता से इस बार भी गर्मियों में ग्रामीण क्षेत्र में जल संकट गंभीर मुद्दा बना हुआ है हालात यह है कि अभी गर्मियों की शुरुआत भर है और अभी से ही ग्रामीण दूरस्थ क्षेत्रों से पानी ढोने पर मजबूर हो रहे हैं। नल जल योजनाएं बंद या खराब पड़ी है और हैंडपंप भी खराब पड़े हुए हैं या फिर उन्हें दुरुस्त कर उनमें पाइप नहीं बढ़ाए गए हैं। यही स्थिति रही तो आगामी दिनों में हालात और भी बिगड़ेंगे और ग्रामीणों की परेशानी भी बढ़ेगी। ऐसे ही हालत हटा विकासखंड के सुनार नदी के किनारे बसे हरदुआ उमराव के गांव इटवा छक्का मैं देखने मिले जहां वर्ष 2017-18 में पीएचई विभाग द्वारा नल जल योजना के द्वारा ट्यूबवेल में मोटर पंप के माध्यम से गांव में पाइप लाइन डालकर घर-घर नल लगवाए गए थे ताकि हर घर में पानी पहुंच सके लेकिन योजना के शुभारंभ उपरांत अभी तक योजना चालू नहीं हो सकी और योजना गांव में सिर्फ औपचारिकता भर रह गई जिससे इटवा छक्का गांव के लोगों को योजना के तहत पानी का लाभ अभी तक नहीं मिल सका। इस संबंध में इटवा छक्का गांव के निवासी रामअवतार पटेल, प्रीतम पटेल, विकट सिंह, सिब्बू अहिरवार, गजराज सिंह, पूरन बर्मन नहीं बताया कि गांव की आबादी लगभग 800 की है जहां पर अलग-अलग जगह पर चार हैंडपंप लगे हुए हैं लेकिन इनका जल स्तर काफी नीचे चला गया है या फिर तकनीकी खराबी से बंद पड़े हैं नदी का पानी भी पीने योग्य नहीं है, कई बार पंचायत व वरिष्ट अधिकारियों से पानी की समस्या को लेकर शिकायत भी की गई लेकिन गांव वालों की शिकायतों और जल संकट की समस्या के बावजूद पीएचई विभाग इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ऐसे में अब आगामी दिनों में जल संकट बढ़ने से ग्रामीणों को और भी परेशानी उठानी पड़ेगी।

## खबर संक्षेप

### श्री झूलेलाल मन्दिर खैरी में कार्यक्रम आज



**रीवा ।** स्थानीय श्री झूलेलाल मंदिर खैरी में सिन्धी समाज के इष्टदेव हिन्दू धर्म के रक्षक, वरुणावतार देवता श्री झूलेलाल जयन्ती महोत्सव ''चैटीचण्ड पर्व'' के पावन अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है जिसमें श्री सचखण्ड धाम उदासीन आश्रम रीवा के महन्त स्वामी कमलदास जी का सत्संग रखा गया। श्री झूलेलाल मंदिर सेवा ट्रस्ट के लेखराज मोटवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री झूलेलाल मंदिर खैरी में सुबह 10 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत की जायेगी दोपहर 1.30 बजे महा आरती पल्लव अरदास के साथ कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। कार्यक्रम उपरांत आम भण्डारा (लंगर साहिब) की सेवा होगी। पूज्य सिन्धी सेन्ट्रल पंचायत के अध्यक्ष सरदार प्रहलाद सिंह एवं श्री झूलेलाल मंदिर सेवा ट्रस्ट के प्रधान ट्रस्टी हुकूमतराय होतवानी ने सर्व संगत से कार्यक्रम में समय से पहुंचकर सत्संग का लाभ लेने की अपील की है।

### भ्रष्ट्राचारियों के चक्कर में फंस गई कलेक्टर

**रीवा ।** सिरमौर स्थित एसडीएम एंव तहसील कार्यालय में सरकार की आंख पर धूल झोंक कर काम कर रहे भ्रष्ट लिपिक कलेक्टर की गले का फांस बन गये। मा. न्यायाधीश विवेक अग्रवाल ने कलेक्टर रीवा को 10 दिन के अंदर न्यायालय में स्वतः उपस्थित होने का आदेश जारी किया है, इतना ही नहीं मा. न्यायाधीश ने अपने आदेश में लिखा है कि क्यों ने इस प्रकरण को लोकायुक्त को कार्रवाही किये जाने प्रस्तावित किया जाये। मा. उच्च न्यायालय में अपील करने वाले अधिवक्त राजेश सिंह ने बताया कि मा. न्यायायल ने उनके द्वारा किये गये अपील क्रमांक डब्लू पी 80-90/2024 में 5 अप्रैल 2024 को सुनवाई के उपरांत निर्णय लिया है। अधिवक्ता राजेश सिंह ने बताया कि सिरमौर तहसील कार्यालय से लेकर एसडीएम कार्यालय तक में जमकर भ्रष्टाचार चल रहा है और चले भी क्यो न। एसडीएम कार्यालय में भ्रष्ट लिपित सत्येंद्र सिंह एवं तहसील कार्यालय में भी भ्रष्ट लिपिक राजेश पांडेय जो बैठे हुए है। बताया कि दोनो ही लिपिकों के भ्रष्टाचारी होने की वजह से तत्कालीन कलेक्टर एम गीता ने एसडीएम सिरमौर की जांच उपरांत दोषी पाये जाने पर अपने आदेश क्रमांक 195/09 एवं 196/09 में नौकरी से ही बर्खास्त कर दिया था। लेकिन उसके बाद भी दोनो शासन की आंखो में धूल झोंक कर एक तहसील कार्यालय में तो दूसरा एसडीएम कार्यालय की कुर्सी में बैठे है। इतना ही नही दोनो ही बर्खास्तशुदा लिपिक 2009 से सरकार से वेतन भी उठा रहे है। अधिवक्ता राजेंश सिंह ने बताया कि दोनो ही भ्रष्ट लिपिक तत्कालीन कलेक्टर के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा चुके थे, लेकिन हाईकोर्ट ने तत्कालीन कलेक्टर के आदेश को यथावत रखने का आदेश दिया था। उसके बावजूद भी दोनो का राजस्व कार्यालय में कार्यरत रहना तत्कालीन कलेक्टर के दिनांक 22 अगस्त 2009 के बर्खास्तगी के आदेश को ठेंगा दिखाना है। अधिवक्ता राजेश सिंह ने बताया कि उक्त संबंध में सिरमौर से लेकर रीवा बैठे कलेक्टर तक के दरवाजे खटखटाये, लेकिन कहीं से न्याय नहीं मिला और भ्रष्टाचारी एसडीएम एवं तहसील कार्यालय की कुर्सी में बैठ कर राजस्व प्रकरणों में लूट एवं शासन की आंखो में धूल झोंक कर वेतन लेकर इठलाते है।

### मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिये 15 मई तक का मौका

**कटनी।** शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति वर्ग के नवीन एवं नवीनीकरण के ऐसे विद्यार्थी जिन्होने एमपीटॉस पोर्टल तथा एनआईसी के स्कालरशिप पोर्टल 2.0 पर पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना का ऑनलाईन आवेदन नही किया है।

## चैत्र मास की नवरात्रि आज से शुरू

# 450 साल से भी ज्यादा पुराना है आस्था का प्रतीक रानी तालाब मंदिर

**चैत्र नवरात्रि के शुरू होते ही जहां देश भर में देवी मंदिरों में नौ दिनों तक विशेष पूजा अर्चना होती है वहीं रीवा जिले में भी मां कालिका के लगभग 450 वर्ष से भी ज्यादा पुराना प्राचीन मंदिर है जिसमे भक्तों का ताता सुबह से ही लग जाता है।**

रीवा ।





रानी तालाब मंदिर के प्रति लोगों की बड़ी आस्था है आस्था के केंद्र इस प्राचीन मंदिर में स्थापित माँ कालिका का अपना अलग महत्तव है पहले इसका संचालन राजघराने द्वारा किया जाता था अब भारत सरकार द्वारा इसका संचालन किया जाता है इस मंदिर से जुड़े कुछ रोचक तथ्य भी है यहां के इस सिद्ध पीठ मां कालिका का नाम यहां के विशाल तालाब रानी तालाब की देवी के रूप में भी जाना जाता है वहां के पुराने स्थानीय निवासी कहते हैं की काफी वर्ष पूर्व यहां पर लवाना जाति के लोगों ने तालाब खोदा था उस वक्त यहां रीवा राजघराने की महारानी कुंदन कुंवरि जब पूजा करने रक्षा बंधन के दिन पहुंची तो प्रसन्न होकर लवाना लोगों के हांथो में रक्षा सूत्र बांधा तब लवाना लोगों ने महारानी को भेट स्वरूप यह तालाब दे दिया तब से यह स्थान रानी तालाब के नाम से जाना जाता है। मॉ कालिका की मूर्ति की भी यहां स्थापित होने के पीछे एक वजह है वह यह है कि कई वर्षों पूर्व राजा प्राज्ञ देव के समय इस मूर्ति को लवाना लोग अपने साथ लेकर आ रहे थे ऐसा कहा जाता है की देवी माँ की मूर्ति ने यह कह दिया था की जंहा मुझे एक बार स्थापित कर दिया जाएगा वंहा से मै उठूंगी नहीं और लवाना लोगों को यह बात ध्यान से उतर गई और वो लोग मूर्ति को बैलगाड़ी में लिए हुए थे और यंहा रूककर आराम करने की सोचा और खाना बनाकर खाने लगे और सो गए जब सुबह जाने की तयारी करने लगे और मूर्ति उठाने की कोशिश की तो मूर्ति उठी ही नहीं जिसके बाद लवाना लोग यह मूर्ति यही छोड़कर चले गए जिसके बाद राजघराने द्वारा यही पर मंदिर बनवाया गया और यही पर मूर्ति स्थापित कर दी गई जबसे देवी माँ कालिका की मूर्ति यही पर स्थापित है। रीवा राजघराने के द्वारा इस मंदिर में मां के स्वर्ण आभूषणों से संवारा गया है व अष्टमी व नौमि को माँ का श्रृंगार स्वर्ण के आभूसरों से किया जाता है माता के श्रृंगार के पीछे की कहानी यह है की राजा विश्वनाथ के वंसज में पुत्र की शादी हो रही थी तब माता उनके स्वप्न में आई और कहा की बेटे की शादी करने जा रहे हो लेकिन हमारे लिए कुछ नहीं है तब माता से पुछा गया की आपको क्या चाहिए तो माता ने कहा की पहले मेरा सोलह श्रृंगार करवाओ उसके बाद बारात जाएगी तब राजघराने द्वारा सुनारो को बुलाकर माता के जेवरात बनवाये गए और माता को पहनाया गया उसके बाद बारात गई तब से आज तक राजघराने से विशेष पूजा अर्चना होती आ रही है वही मंदिर के ही पंडितों का कहना है मां कालिका का यह मंदिर इस लिये सिद्धपीठ कहलाता है कि यह तांत्रिक विधि के द्वारा स्थापित किया गया है यहां पूर्व से भैरव जी विराजमान है तो पश्चिम में स्वयं मां का स्थान है वहीं उत्तर में गणेश जी विराजे है तो दक्षिण में शंकर भगवान का मंदिर स्थापित है। इसलिए इस मंदिर का अपना अलग महत्व है जिसकी वजह से दूर दूर से लोग माँ के दर्शन के लिए खींचे चले आते हैं।

#### इनका कहना है

यह मंदिर लगभग 450 वर्षों से भी ज्यादा पुराना प्राचीन मंदिर है रानी तालाब मंदिर के प्रति लोगों की बड़ी आस्था है काफी वर्ष पूर्व यहां पर लगवा जाती है लोगों ने तालाब खोदा था उस यहां रीवा राजघराने की महारानी कुंदन कुरिया पूजा करने रक्षाबंधन के दिन होकर लगभग के लोगों ने हाथों रक्षा सूत्र बांधा लिया तब लगता जाती लोगों ने महारानी को यह तालाब दे दिया कब से यह तालाब रानी तालाब के नाम से जाना जाने लगा यहां स्थापित मां कालिका की मूर्ति एक अलग ही पौराणिक कथा है वर्षों से हमारे पूर्वज इस मंदिर की पूजा अर्चना करते आ रहे हैं

**पंडित देवी प्रसाद शर्मा, प्रधान पुजारी**
**रानी तालाब मंदिर**

# क्षत्रिय समाज के प्रति अशोभनीय टिप्पणी करने वाले भाजपा नेता पर हो कार्यवाही



### अन्यथा क्षत्रिय समाज भाजपा के विरुद्ध करेगा मतदानः श्रीराजपूत करणी सेना

रीवा ।

भाजपा नेता एवं गुजरात राजकोट के लोकसभा प्रत्याशी पुरुषोत्तम रूपाला के द्वारा विगत दिनों गुजरात के राजकोट की रैली को सम्बोधित करते हुए देश के क्षत्रिय समाज के माताओं एवं वहनों के विरुद्ध अशोभनीय एवं अभद्र टिप्पणी की है जिससे पूरे देश का क्षत्रिय समाज आहत है। भाजपा नेता के द्वारा क्षत्रिय समाज के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर श्रीराजपूत करणी सेना जिला इकाई रीवा ने पुरुषोत्तम रूपाला के अशोभनीय एवं अभद्र टिप्पणी का पुरजोर विरोध किया है और देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश नड्डा को आयुक्त रीवा संभाग रीवा के माध्यम से ज्ञापन भेजकर राजकोट लोकसभा प्रत्याशी रूपाला को पार्टी से वाहर कर चुनाव लड़ने से रोकने की मांग की है तो वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा से देश के समस्त क्षत्रिय समाज से सामूहिक क्षमा याचना करने की मांग की है। संभागीय अध्यक्ष प्रशान्त सिंह ''रिल्लू' एवं श्री राजपूत करणी सेना जिला इकाई के जिलाध्यक्ष भास्कर सिंह चन्देल (मोनू), ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यदि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा देश के क्षत्रिय समाज से तत्काल उक्त घटना की भर्त्सना करते हुए सामूहिक माफी नहीं मागते है तो क्षत्रिय समाज रोड पर उतरकर भाजपा के लोकसभा प्रत्याशियों का जगह जगह विरोध किया जायेगा और चुनाव में भाजपा के विरुद्ध मतदान किया जायेगा। इस अवसर पर अमर सिंह परिहार, लोकेन्द्र सिंह, सचिन सिंह, राहुल सिंह, सौरभ सिंह, विक्कू सिंह बघेल, नितेश सिंह, संजय सिंह, प्रकाश सिंह, कमलनारायण सिंह, अवनीश सिंह, नितेश सिंह, सूरज सिंह, अभिमन्यु सिंह विसेन, राघवेन्द्र सिंह, रवी सिंह बघेल, संजीव सिंह, गौरव सिंह बघेल, लवकुश सिंह, चन्द्रदेव सिंह, शिवम सिंह गहरवार, प्रवीण सिंह बघेल, आदर्श सिंह चंदेल सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# कोतवाली पुलिस ने 4 हजार के इनामी सहित आधा दर्जन वारंटियों को किया गिरफ्तार

रीवा ।

जिले की कोतवाली पुलिस ने चार हजार के फरार इनामी बदमाश साहित 7 वारंटीयो को गिरफ्तार किया है। जिसमें दो स्थाई वारंटी खान उर्फ विवेक उर्फ अमर राज बंसल पिता स्वर्गीय राजू बंसल उम्र 20 साल निवास से नया तालाब गुड चौराहा थाना सिटी कोतवाली रीवा राजेश कुशवाहा पिता जागेश्वर कुशवाह निवासी छत्रपति नगर थाना समान वही 6 गिरफ्तारी वारंट मे इसरार उर्फ़ मन्नू पिता नजीर हुसैन निवासी कटरा थाना सिटी कोतवाली मोहम्मद शहजाद खान पिता शमसुद्दीन खान उम्र 20 वर्ष निवासी निपानिया थाना सिटी कोतवाली अमर राजबांसल पिता राजू बंसल उम्र 20 साल निवासी नया तलब सनी सेन पिता राजेंद्र सेन उम्र 20 वर्ष निवासी कोरियान मोहल्ला सुखलाल साहू पिता कालिका प्रसाद साहू उम्र 50 वर्ष निवासी निपानिया कृष्ण मुरारी साहू पिता कालिका साहू उम्र 58 वर्ष निवासी निपानिया सहित एक इनामी एमएम खान उर्फ विवेक उर्फ़ अमरराज बंसल पिता स्वर्गीय राजू बंसल उम्र 20 वर्ष निवासी नया तलब थाना सिटी कोतवाली रीवा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के सामने पेश करके पुलिस ने भेजा सलाखों के पीछे।

#### इनका कहना है

पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में शहर में चल फरार आरोपिओं कि धर पकड़ अभियान के तहत पुलिस ने दो स्थाई वारंटी 6 गिरफ्तारी वारंटी व एक इनामी वारंटी को गिरफ्तार किया गया है

**जयप्रकाश पटेल**
**थाना प्रभारी कोतवाली रीवा**

# फसल कटाई में व्यस्त किसान, उपार्जन केन्द्रों में सन्नाटे का बना हुआ है माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

जिले में अभी गेहूं की कटाई का कार्य चल रहा है, जिसके चलते किसान अभी व्यस्त है वहीं दूसरी ओर समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य प्रारंभ हो चुका है लेकिन एक सप्ताह से अधिक का समय बीत जाने के बाद खरीदी केंद्रों का शुभारंभ नहीं हुआ है। केंद्रों पर सन्नाटा छाया हुआ है। ताले में कैद इन केंद्रों में कोई व्यवस्था भी नहीं है। केन्द्रों में गेहूं खरीदी का सूचना बोर्ड लगा है न तो किसानों के लिए कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। यानि कि खरीदी केंद्रों में कोई भी पुख्ता इंतजाम नहीं किये गए।

शासन के निर्देश अनुरूप 29 मार्च से गेहूं उपार्जन का कार्य शुरू हो गया है जो 15 मई तक जारी रहेगा। अब तक केन्द्रों में कोई चहल पहल नहीं है। केंद्र शुरू हुए न तो किसान उपज लेकर पहुँचे। जिसके चलते उपार्जन केंद्र अब तक शुरू नहीं हो सके। इस दफा तो किसानों के स्लॉट बुकिंग कराने में भी रुचि नहीं दिखा रहे हैं। ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में हजारों किसानों की उपज खरीदी जानी है लेकिन अभी तक सिर्फ 173 किसानों ने अपनी उपज बेचने के लिए स्लॉट बुंकिग कराई है। किसानों को उपज बेचने के मैसेज भी नहीं मिल रहे है। हालांकि अभी तक किसानों की फसलें खेतों में खड़ी है। होली के बाद से शुरू हुई कटाई 85 प्रतिशत हो गई है। अभी भी क्षेत्र में 15 प्रतिशत किसानों की फसलें खेतों में है। किसान अपनी उपज की कटाई के कार्य में जुटे है।

समर्थन मूल्य पर खरीदी करने के लिए ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में इस बार 14 उपार्जन केन्द्र बनाये गए हैं। जिसमें ढीमरखेड़ा, पोंडी कला बी, मडेरा,नेगवां, उमरियापान, देवरी मंगेला ,मुरवारी, झिंना पिपरिया, खमतरा,कटरिया, दशरमन, कछारगांव बड़ा,सिलौंडी और कचनारी शामिल है। 14 उपार्जन केन्द्रों में खरीदी शुरू होने के एक सप्ताह बाद भी श्रीगणेश नहीं हुआ है। एक दुक्का केन्द्रों को छोड़कर बात करें तो अभी तक बारदाने तक नहीं पहुँचे। केन्द्रों में पहुँचने वाले किसानों के लिए कोई सुविधा भी नही बनाई गई है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ब्रजेश जाटव ने बताया कि शासन स्तर पर गेंहू की खरीदी 29 मार्च से शुरू हो गई है। समर्थन मूल्य पर खरीदी करने और केन्द्रों में उचित व्यवस्था करने के निर्देश केंद्र प्रभारियों को दिए गए हैं। अभी तक कुछ किसानों की फसलें खेतों में खड़ी है। चुनाव को लेकर भी खरीदी प्रभावित हुई है। केन्द्रों में बारदाने पहुँच चुके हैं।जल्द ही सभी केन्द्रों में गेंहू की खरीदी शुरू होगी। ताकि किसानों को परेशान न होना पड़े।जिन्होंने खरीदी को लेकर अभी तक तैयारियां नहीं किया है, उन केन्द्र प्रभारियों को केन्द्रों में पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

# बढ़ती गर्मी के साथ दिनभर चलती रही सूरज और बादलों के बीच लुका छिपी

रीवा ।



रीवा जिले में बढ़ती गर्मी के साथ ही लगातार बादलों की लुका-छिपी का खेल भी जारी है। दिन चढ़ने के साथ ही धूप निकल आई थी। हालांकि एक घंटे बाद आसमान बादलों से ढक गया था। दिनभर सूर्य व बादलों में आंख मिचौली चलती रही। अप्रैल के महीने में जहां एक तरफ गर्मी में बढ़ोत्तरी हुई है। वहीं दूसरी तरफ हवाओं के चलने और बादलों के आसमान में छाए रहने क्रम बना हुआ है। शनिवार व रविवार को जिले का तापमान बीते दिन से 0.8 डिग्री सेल्सियस कम 39.0 डि.से. दर्ज किया गया। इसी तरह न्यूनतम तापमान भी बीते दिन की अपेक्षा 0.5 डि.से. की गिरावट के साथ 20.5 डि.से. दर्ज किया गया। अब दो दिन बाद जिले के तापमान में फिर इजाफा हो सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक अफगानिस्तान और पाकिस्तान में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। इसके अलावा, पश्चिमी राजस्थान में चक्रवात निर्मित है। वही पूर्वी विदर्भ से लेकर तमिलनाडु तक द्रोणिका बनी है। इन कारणों से जिले में बादलों की आवाजाही हो रही है। साथ ही मौसम परिवर्तन का क्रम लगातार बना हुआ है।

#### चिकित्सक दे रहे बचाव की सलाह

मौसम में आ रहा परिवर्तन सेहत पर भारी पड़ सकता है। चिकित्सकों का कहना है कि इन दिनों तापमान में उतार चढ़ाव जारी है। जिसका सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। बच्चों व बुजुर्गों की विशेष देखभाल की जरूरत है। जरा सी लापरवाही सेहत पर भारी पड़ सकती है

# रैली, नुक्कड़ नाटक से मतदान, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर जिले भर में मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह, सुश्री प्रियंका तोमर एवं डॉ. रश्मि त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत वनगवां में आर. सी. इंग्लिश मीडियम स्कूल में लगाया गया था जिसके समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समापन कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, डॉ. एस. एस. धुर्वे, विद्यालय संचालक श्री धर्मराज साहू ने अपने उदबोधन के माध्यम से स्वयंसेवकों को स्वयंसेवक शब्द का वास्तविक अर्थ बताकर समाज एवं देश सेवा के माध्यम से स्वयं के व्यक्तित्व विकास के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। डॉ अरविंद सिंह ने शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने शिविर परिसर की साफ सफाई, मतदान, स्वच्छता, नशा मुक्ति, जल संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण आदि विषयों पर आधारित जागरुकता अभियान चलाया गया । साथ ही सायंकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा लोक गीत, लोक नृत्य एवं अन्य मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने सभी स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर उत्साह वर्धन करते हुए भविष्य में समाज एवं देश सेवा कर जिम्मेवार नागरिक का कर्तव्य निभाने के लिए प्रेरित किया साथ स्वयंसेवकों ने भी अपने अपने अनुभव साझा किये और बताया कि शिविर के दौरान हमे एक दूसरे को जानने का भी मौका मिलता है।

कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, डॉ. एस. एस. धुर्वे, विद्यालय संचालक धर्मपाल साहू, डॉ. अरविन्द सिंह, प्रियंका तोमर, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. आर. जी. सिंह, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. शिवानी बर्मन, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. के. के. निगम, डरासेयो स्वयंसेवक विक्रम जयसवाल, अनुज यादव, संतोष साहू, शुभम श्रीवास्तव, ललन लोहार, रामभजन, निखिल गुप्ता, सुलेखा विश्वकर्मा, शिवानी पटेल, निधी पटेल आदि की उपस्थिति रही।